रविवार

18 जून, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक




भोजपुर : हीट स्ट्रोक के चलते छोटी बहन की मौत, बड़ी की हालत गंभीर 2

## लगातार चौथी बार बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर आसीन हुए मृत्युंजय कुमार सिंह

केटी न्यूज/पटना



मृत्युंजय कुमार सिंह, अध्यक्ष





कपिलेश्वर पासवान, महामंत्री

बिहार पुलिस एसोसिएशन का 40वाँ महाधिवेशन बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 5, फुलवारीशरीफ, पटना के परिसर में 17.06.23 को मतदान हुआ, जिसमें कुल 1486 वोट पड़े। राज्य के प्रत्येक जिले के अतिरिक्त पुलिस मुख्यालय के सभी इकाई से तकरीबन 2000 से उपर निर्वाचित पुलिस प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपना मत डाला। शाम 6.00 बजे से मतगणना प्रारंभ हुई। जिसमें अध्यक्ष पद पर मृत्युंजय कु सिंह को 987 मत मिले और उनके प्रतिद्वंदी रामबिलास प्रसाद यादव को 477 वोट प्राप्त हुए। वहीं दूसरे प्रतिद्वंदी दिलीप कुमार को मात्र 11 वोट ही प्राप्त हुए। 13 मत रद्द हुआ। कुल 1890 वोट में से 1486 वोट पोल पर हुआ। जीत के बाद उनके समर्थकों में उत्साह देखते ही बन रही थी। वहीं मृत्युंजय सिंह अपने जीत के प्रति पहले से ही आसवस्त थे। वे बताते हैं कि उन्होंने पुलिसकर्मियों के लिए बहुत से काम किए हैं। जिसमें 12 माह में 13 माह वेतन आदि शामिल है। वहीं दूसरी ओर महामंत्री पद पर कपिलेश्वर पासवान ने अपने विपक्षी को मात देकर पुनः विजयी हुए। आज महाधिवेशन में उद्घानकर्त्ता एवं मुख्य अतिथि माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव हैं एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डीजीपी बिहार रहेंगे। इसके अलावा कई गणन्यमान लोग उपस्थित रहेगे।

### खबरें फटाफट

#### भारतीय सेना ने सिक्किम में फंसे 3,500 से अधिक पर्यटकों को बचाया

**गुवाहाटी, एजेंसी।** भारी बारिश और खराब मौसम के कारण चुंगथांग के पास की सड़क बह गई, जिसके कारण उत्तरी सिक्किम में 2000 से अधिक पर्यटक फंसे हुए हैं। पर्यटकों को बचाने के लिए बीआरओ प्रोजेक्ट स्वास्तिक ने प्रभावित क्षेत्र पर एक अस्थायी क्रॉसिंग बनाने के लिए रात भर काम किया। पीआरओ महेंद्र रावत ने कहा कि शनिवार दोपहर 12 बजे तक 300 से अधिक पर्यटकों को बचाया गया है। सड़क संपर्क बहाल करने के प्रयास चल रहे हैं, जबकि पर्यटकों की निकासी जारी रहेगी। सिक्किम पुलिस ने बताया कि भूस्खलन से प्रभावित हुई दो बसों में से अब तक कुल 72 पर्यटकों को निकाला गया है।

#### मणिपुर में नहीं सुधरे हालात तो तोड़ सकते हैं भाजपा के साथ गठबंधन

**अगरतल्ला, एजेंसी।** मणिपुर में करीब डेढ़ महीने से हिंसा जारी है। तमाम कोशिशों के बाद भी हालात काबू में नहीं हो पा रहे हैं। इस बीच नेशनल पीपुल्स पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वाई जॉयकुमार सिंह ने बड़ा बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि अगर आने वाले दिनों में स्थिति नहीं सुधरी तो हम भाजपा के साथ अपने गठबंधन पर फिर से विचार करेंगे। एनपीपी भाजपा के साथ अपने समीकरणों पर फिर से विचार करने को मजबूर हो जाएगी। हम मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि मणिपुर में अनुच्छेद 355 लागू है।

## तालाब और जलाशय अतिक्रमण के शिकार हो रहे हैं : जगदीप धनखड़

नई दिल्ली, एजेंसी



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तालाबों, जोहड़ों, बावड़ियों, पोखरों पर अवैध कब्जों अथवा उनकी जमीन का इस्तेमाल दूसरे कामों में करने को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन बताते हुए कहा कि इनका पुनरुद्धार युद्ध स्तर पर होना चाहिए। शनिवार को चौथे राष्ट्रीय पुरस्कार देते हुए धनखड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि जोहड़-पोखर अपरिवर्तनीय हैं। इनकी भूमि का उपयोग किसी अन्य काम में हो ही नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना चिंता का विषय है। तालाब और जलाशय अतिक्रमण के शिकार हो रहे हैं, इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। इसे दलगत भावना अथवा पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर दुरुस्त किया जाना चाहिए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन हमारा संवैधानिक दायित्व है।

पारंपरिक जल संचयन की संरचनाओं को पुनर्जीवित करने की जरूरत पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पानी का संरक्षण हमेशा भारत की सभ्यागत प्रकृति का अभिन्न अंग रहा है।

यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह प्रकृति के उपहारों का बुद्धिमानी से उपयोग सुनिश्चित करे।धनखड़ ने कहा कि जन आंदोलन की भावना जल आंदोलन को गति दे, इसके लिए जरूरी है कि सभी नागरिक जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें। समारोह में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण, आर्थिक प्रगति और कृषि के विस्तार को देखते हुए पानी की उपलब्धता बढ़ाना और उसका सदुपयोग सुनिश्चित करना एक बहुत बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को पूरा करने के लिए हर व्यक्ति को योगदान देना होगा।उन्होंने राष्ट्रीय जल पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हें असली हीरो बताया। शेखावत ने कहा कि भारत की सफलता की हर गाथा में उन सभी लोगों का नाम लिखा जाएगा जिन्होंने जल के संरक्षण के लिए अपने स्तर पर योगदान दिया। शेखावत ने पानी के क्षेत्र में बढ़ रही जागरूकता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नजरिये को देते हुए कहा कि उन्होंने जल जीवन मिशन की शुरूआत करते हुए एक महाभियान की नींव रखी थी।

## बुनियादी ढांचे के निर्माण में 18 लाख करोड़ रुपये खर्च किए : नड्डा



संतिरबाजार (त्रिपुरा), एजेंसी

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 साल पूरे होने पर उनकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास देखा है। पीएम मोदी ने पिछले नौ वर्षों में 'भारत का भाग्य बदल दिया'।भाजपा प्रमुख ने बुनियादी ढांचे के निर्माण, सुशासन और सर्वांगीण विकास को मोदी सरकार के बेंचमार्क के रूप में बताया। बता दें, त्रिपुरा संतिरबाजार स्कूल मैदान में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने पिछले नौ साल में हुए कामों पर प्रकाश डाला।

बुनियादी ढांचे के निर्माण में केंद्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा के लिए 13,125 किलोमीटर लंबी सीमा सड़कें बनाई गई हैं।

## कांग्रेस की तुलना में भाजपा ने किया दोगुना काम : गडकरी

नागपुर, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता नितिन गडकरी ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि एक बार एक कांग्रेस नेता ने उन्हें कांग्रेस में शामिल होने की सलाह दी थी, जिस पर उन्होंने जवाब दिया था कि वह उस पार्टी का सदस्य बनने के बजाय कुएं में कूदकर मर जाएंगे।सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने आगे दावा किया कि भाजपा सरकार ने पिछले नौ वर्षों में देश में कांग्रेस के 60 वर्षों के शासन की तुलना में दोगुना काम किया है।नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर महाराष्ट्र के भंडारा में एक सभा को संबोधित करते हुए गडकरी ने भाजपा के लिए काम करने के अपने शुरूआती दिनों को याद किया और पार्टी की यात्रा के बारे में बात की। गडकरी ने इस दौरान दिवंगत कांग्रेस नेता श्रीकांत जिचकर द्वारा एक बार दी गई सलाह को भी याद किया। गडकरी ने कहा कि जिचकर ने एक बार मुझसे कहा था आप एक बहुत अच्छे पार्टी कार्यकर्ता और नेता हैं और यदि आप कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो आपका भविष्य उज्जवल होगा, लेकिन मैंने उनसे कहा कि मैं कांग्रेस में शामिल होने के बजाय कुएं में कूद जाऊंगा। मुझे भाजपा और उसकी विचारधारा पर पूरा भरोसा है और मैं इसके लिए काम करना जारी रखूंगा। गडकरी ने आरएसएस की छात्र शाखा –अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के लिए काम करते हुए अपने शुरूआती दिनों में मूल्यों को स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी सराहना की। कांग्रेस के बारे में बात करते हुए मंत्री ने कहा कि पार्टी बनने के बाद से वो कई बार टूट चुकी है।






### फिल्म अभिनेत्री अमिषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर के खिलाफ धोखाधड़ी का दर्ज करवाया था केस

## बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने रांची कोर्ट में किया सरेंडर

रांची, संवाददाता



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री अमीषा पटेल की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। धोखाधड़ी के एक मामले में शनिवार को अमिषा पटेल मुंह ढककर चुपचाप रांची सिविल कोर्ट में पेश होने पहुंचीं। इसके बाद अभिनेत्री ने सरेंडर कर दिया।

फिल्म अभिनेत्री अमिषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करवया गया था। उन पर पैसे लेकर म्यूजिक एल्बम नहीं बनाने का आरोप है। इसके अलावा, उन पर धोखाधड़ी और धमकाने का भी आरोप लगा है। अदालत में पेश होने के बाद अमीषा पटेल को 21 जून तक सशर्त जमानत दे दी गई है। 21 जून को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। कोर्ट ने अमीषा पटेल को भी उपस्थित रहने का आदेश दिया है।

### मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को आखिरी समन

**रांची।** मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. एक तरफ गुजरात कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने के बाद उनकी सांसदी चली गई तो वहीं अब रांची कोर्ट ने उन्हें आखिरी समन जारी करते हुए 4 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश दिए हैं. दरअसल, राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर रांची कोर्ट में प्रदीप मोदी ने 23 अप्रैल, 2019 को मुकदमा दायर कराया था. मामले में अगस्त 2022 तक पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक समाप्त हो चुकी है. इसके बाद मामले की सुनवाई के लिए राहुल गांधी की उपस्थिति को लेकर कोर्ट ने पहले भी समन जारी किए थे।

# भोजपुर: हीट स्ट्रोक के चलते छोटी बहन की मौत, बड़ी की हालत गंभीर

- सदर अस्पताल के डॉक्टर बोले, डिहाइड्रेशन की शिकार थी दोनों बहनें
- छोटी बहन ने इमरजेंसी वार्ड में शनिवार सुबह तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में हीट स्ट्रोक ने एक और जान ले ली। शनिवार की सुबह एक बच्ची की मौत हो गयी। उसकी बड़ी बहन की हालत भी गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार की रात से ही दोनों बहनों को उल्टी और दस्त की शिकायत थी। शनिवार की सुबह आरा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान छोटी बहन ने दम तोड़ दिया। मृत बच्ची मुफस्सिल थाने के छोटकी सनदिया गांव निवासी विक्की चौधरी की छह वर्षीया पुत्री राखी कुमारी थी। उसकी बड़ी बहन सोनाली का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बच्चियों के चाचा पप्पू चौधरी ने बताया कि इतनी ज्यादा गर्मी पड़ रही है। शुक्रवार की रात अचानक दोनों को उल्टी और दस्त होने लगी। कुछ ही देर में दोनों की हालत बिगड़ने लगी। जिसे देख घर वाले काफी परेशान हो गए और आननफानन में दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज कराने के बाद शनिवार की सुबह दोनों को शहर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने डायरिया होने की बात कह दोनों को सदर अस्पताल ले जाने की सलाह दी। लिहाजा दोनों को वापस आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान राखी की मौत हो गई। सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मौजूद ऑन ड्यूटी डॉक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि दोनों को डिहाइड्रेशन हो गया था। इसके कारण एक बच्ची की मौत हो गयी। हालांकि मृतका की बड़ी बहन की स्थिति नियंत्रण में है।



मृतक राखी कुमारी



रोते विलखते परिजन

### मौत के बाद राखी के घर में मचा कोहराम

मिली जानकारी के मुताबिक राखी अपने तीन बहन और एक भाई के बीच में मांझिल थी। उसके परिवार में मां मीरा देवी, बहन सलोनी कुमारी, छोटी कुमारी और भाई विवेक कुमार है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां मीरा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खबरें फटाफट

### ट्रक ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, रेफर

**भभुआ।** कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र के पच्छाहगंज के पास शादी समारोह से वापस घर जा रहे बाइक सवार पति-पत्नी ट्रक की टक्कर से घायल हो गए। सड़क किनारे उनको गिरता देख एनएच-2 पर गश्त लगा रही कुदरा पुलिस ने दोनों घायल पति-पत्नी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा लाए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। दोनों घायल सोनहन थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव के रहने वाले हैं। शिवसागर थाना क्षेत्र के सेवली गांव में शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस आज अपने घर लौट रहे थे। घायलों में सोनहन थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव के स्वर्गीय जयराम बिंद का 35 वर्षीय पुत्र टूनू बिंद और उनकी पत्नी लीलावती देवी शामिल हैं।

### 25 लीटर महुआ शराब बरामदगी मामले में पांच साल की सजा

**सासाराम।** शनिवार को शराब तस्करी मामले में रोहतास व्यवहार न्यायालय ने अभियुक्त को 5 साल की सजा सुनाई। जिला व्यवहार न्यायालय स्थित एडीजे दो सह विशेष न्यायाधीश एक्साइज अधिनियम शैलेंद्र कुमार पांडा की अदालत ने शराब तस्करी से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए दोषी तस्कर धनजी सिंह निवासी काराकाट को एक लाख रुपए अर्थदंड सहित 5 साल कैद की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को 6 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आरोपी के खिलाफ काराकाट थाना कांड संख्या 130/2022 दर्ज है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अपर विशेष लोक अभियोजक अरविंद कुमार ने बताया कि 23 जुलाई 2022 को उक्त अभियुक्त को उसके गांव स्थित चाय-नाश्ता की दुकान से 25 लीटर महुआ शराब के साथ काराकाट पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# आइसक्रीम लेने के लिए सड़क पार कर रहे बच्चे को बेलगाम स्कॉर्पियो ने रौंदा, मौत

- चाचा की शादी में शामिल होने गौसगंज आया था सात वर्षीय राजा बाबू
- टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास शुक्रवार की रात हुई घटना

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास बीते शुक्रवार की रात एक बच्चे की स्कॉर्पियो की चपेट में आने से मौत हो गयी। बच्चा अपने चाचा की शादी में शामिल होने आया था और घटना के वक्त आइसक्रीम लेने के लिए सड़क पार कर रहा था कि इसी बीच तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसे रौंद दिया।

गंभीर रूप से जख्मी बच्चे की सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गयी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत बच्चा बड़हरा थाना क्षेत्र के लेखी टोला गांव निवासी अशोक कुमार राय का 7 वर्षीय पुत्र राजा बाबू था।

वह पहली कक्षा का छात्र था। उसके पिता अशोक कुमार राय ने बताया कि उनके चचेरे भाई टनटन यादव की शादी टाउन थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही निवासी देव कुमार यादव की बेटी ज्योति कुमारी के साथ गौसगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में हो रही थी। घर के सभी लोग शादी में शामिल होने मंदिर में आये थे। देर शाम गुरहथी का कार्यक्रम चल रहा था। उसी दौरान राजा बाबू आइसक्रीम लेने लिए सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसे रौंद दिया। उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।



बदहोश मासूम बच्चे का पिता

### दो भाइयों में बड़ा था राजा, मौत से मातम में बदली शादी की खुशी

हादसे का शिकार हुआ सात वर्षीय राजा बाबू अपने दो भाइयों में बड़ा था।

उसके परिवार में मां पूनम देवी और छोटा भाई महाराजा बाबू है। उसकी मौत के बाद शादी की खुशी का माहौल मातम में तब्दील हो गया। शादी में बज रहे ढोल-ताशे और गाने-बाजे बंद हो गये। शादी के गीत के बदले रोना-धोना मच गया। बच्चे की मां पूनम देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।भी इलाज चल रहा है?

## आपसी विवाद में युवक को सरेराह मारी गोली, हालत गंभीर

**आरा।** सहार बस स्टैंड पर शनिवार की दोपहर पूर्व झगड़े के विवाद में एक युवक को गोली मार दी गई। गोली उसके दाहिने साइड गर्दन में लगी है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उसका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक सहार थाना क्षेत्र के कोरनडीहरी गांव निवासी विनोद पासवान का 19 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार है। वह बाहर प्राइवेट कंपनी में लेबर का काम करता है। वहीं दिनदहाड़े गोली मारे जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही थाना इंचार्ज शिवेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया।

इधर, घटना के बाद भाकपा माले द्वारा आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर रोड़ जाम कर दिया गया है। जख्मी प्रिंस कुमार ने बताया की शुक्रवार को गांव के ही एक युवक द्वारा उसे गाली गलौज किया गया था। जब उसने उसे गाली देने से मना किया तो नहीं माना। जिसके बाद इसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। शनिवार की दोपहर जब वह आपने गांव से सहार बस स्टैंड पर बाल कटवाने के लिए आया था। तभी उक्त युवक ने उसे बुलाया और उसे गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद सहार थाना पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरक्षण के बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गय। जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी प्रिंस कुमार ने गांव के ही निशांत नामक युवक पर गोली मारने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दलित महिला को डायन बताकर दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा, मौत

**केटी न्यूज/अरवल**

जिले में एक हैवानियत भरा मामला सामने आया है। जिसमें दबंगों ने डायन बताकर एक दलित महिला की लाठी-डंडों से पिटाई कर हत्या कर दी। हत्या के बाद बर्बरता की सारी हदें पार कर बुजुर्ग महिला की दोनों आंखें निकाल ली। घटना जिले के सदर थाना क्षेत्र के मल्ही पट्टी मोहल्ले की है। मृतक महिला की पहचान स्व. नारायण दास की पत्नी लाखिया कुंवर (65 साल) के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि महिला घर में अकेले रहती थी। उसका बेटा बाहर रह कर मजदूरी करता है। घटना के बाद इलाके के लोग काफी गुस्से में हैं। वहीं, सूचना मिलने पर पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है। इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। महिला के बेटे जमुनादास ने बताया कि गुरुवार को वो एक शादी में शामिल होने के लिए पटना गया था। इस बीच उसकी बुजुर्ग मां घर में अकेली थी। शुक्रवार सुबह 8 बजे तक महिला घर से बाहर नहीं निकली, गांव वालों ने उसके बेटे को कॉल किया। जमुनादास पटना से घर लौटा तो घर में अपनी मां की लाश देखकर भौचक रह गया।

## मखदुमपुर के कई गांवों में भीषण जल संकट, विधायक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

- प्रखंड के अलुवा बिगहा और जमालपुर में टैंकर से पहुंचाया जाएगा पानी: विधायक

**केटी न्यूज/मखदुमपुर**

भीषण गर्मी और लू के कारण लोग परेशान हैं। इस बीच मखदुमपुर की कई पंचायतों में भीषण जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसे लेकर मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतीश कुमार ने मखदुमपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में पदाधिकारियों के साथ आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में पदाधिकारियों के साथ-साथ लगभग सभी पार्टियों के प्रखंड अध्यक्षों के अलावा कई सामाजिक कार्यकताओं ने भी हिस्सा लिया। बैठक में बीपीआरओ मखदुमपुर, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के बाद विधायक ने बताया के प्रखंड के भैख, जवनगंज, डकरा, मकरपुर, धराउत, छरयारी जैसी जगहों से आए लोगों ने अपनी शिकायत बारी-बारी अधिकारियों के समक्ष रखी। इसके बाद निर्णय लिया गया कि जिन-जिन जगहों पर पानी की सबसे ज्यादा समस्या है, उसे फौरन दूर किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र के खराब पड़े चापाकलों या नलों को तीन दिनों के अंदर दुरुस्त करने का विधायक ने निर्देश दिया। वहीं अलुवा बिगहा और जमालपुर में जब तक नया चापाकल नहीं लग जाता है तब तक टैंकर से पानी पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अलुवा बिगहा से आए प्रतिनिधि ने अपने गांव की जैसी समस्या बताई, उसे सुन विधायक पूरे लाव-लश्कर के साथ मीटिंग से सीधा अलुवा बिगहा महादलित टोला पहुंच गए। वहां लोगों से समस्या के बारे में पड़ताल की, जिसके बाद वहां खराब चापाकल को अविलंब दुरुस्त कराने और कल से ही टैंकर से पानी पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

## एक नजर

### भाजपाइयों ने गिनाई केंद्र सरकार के 9 साल की उपलब्धियां, नगर भवन में जनसभा आयोजित



**जहानाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में भाजपा की ओर से जनसभा का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार देव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह वरिष्ठ भाजपा नेता नन्द किशोर यादव थे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 9 साल को भारत के लिए बेमिसाल बनाते हुए समाज का सर्वांगीण विकास किया। देश के साथ बिहार के हर घर तक बिजली, पानी पहुंचा कर नागरिकों को सुलभ जीवन स्तर उपलब्ध कराया। देश के बहुसंख्यक आबादी के धार्मिक मानबिंदु को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार के 1.5 करोड़ घरों को शौचालय देकर माता बहन को सम्मान जनक जीवन केंद्र सरकार ने उपलब्ध कराया। विगत 3 वर्षों से 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराके वैश्विक महामारी में भी भोजन उपलब्ध कराने का काम केंद्र ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राधा मोहन शर्मा ने कहा कि हम 2024 में केंद्र में पुनः सरकार बनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन अरवल भाजपा अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन लोक सभा संयोजक धर्मेंद्र चैहान ने किया। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक सीडी शर्मा, जिला प्रभारी शम्भू केसरी, संजय कुशवाहा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा, तिलकदेव शर्मा, अजय पासवान, रामविनय शर्मा, लोकसभा विस्तारक दुर्गेश चैबे, जिला महामंत्री अनिल ठाकुर, विजय सिंह, धीरज कुमार, उपाध्यक्ष कृष्णकांत राय के साथ ही भाजपा जहानाबाद के सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निक्षय दिवस के अवसर पर आरएमआरआई के 24 पदाधिकारियों ने 37 टीबी मरीजों को लिया गोद



**पटना।** राज्य के सभी जिलों में क्रियांवित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर अब हर माह के 16 तारीख को निक्षय दिवस का आयोजन किया जायेगा। इससे पूर्व हर माह के दूसरे सोमवार को निक्षय दिवस का आयोजन किया जाता था। इस बाबत सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सभी सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, संचारी रोग को आवश्यक निर्देश जारी किया है। जारी पत्र में निर्देशित है कि निक्षय दिवस के अवसर पर हर माह के 16 तारीख को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत यक्ष्मा मरीजों को निशुल्क चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। निक्षय दिवस के अवसर पर पटना स्थित आरएमआरआई में टीबी मरीजों को गोद लिया गया। आरएमआरआई के निदेशक डॉ. कृष्णा पांडेय की उपस्थिति में संस्थान के 24 पदाधिकारियों द्वारा 37 टीबी मरीजों को गोद लिया गया। निक्षय दिवस के अवसर पर गोद लिए गए मरीजों को प्रथम माह का फूड बास्केट भी दिया गया। साथ ही जिला के विभिन्न प्रखंडों में निक्षय दिवस का आयोजन किया गया। निक्षय दिवस के अवसर पर जिला यक्ष्मा कार्यालय में जिला संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. कुमारी गायत्री सिंह की अध्यक्षता में विबिन्न निक्षय मित्रों द्वारा इलाजरत 19 टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया।

### बैठक कर प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए आपस में जानकारी करते हैं साझा

# फाइलेरिया से बचाव के लिए पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क सदस्य कर रहे नियमित संवाद

- पुरानी पेंशन योजना को लेकर सरकार पर जमकर बिफरे कर्मचारी नेता
- कहा-जब तक लागू नहीं होगी तब तक जारी रहेगा आंदोलन

**केटी न्यूज/गया**

फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में हाथीपांव के विषय में नियमित संवाद महत्वपूर्ण कदम है। इस विषय में होने वाले नियमित संवाद की वजह से हाथीपांव के मरीजों को उनके प्रभावित अंगों की देखभाल में काफी मदद मिल रही है। जिला के सदर प्रखंड में हाथीपांव के मरीजों ने अपनी देखभाल के लिए पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क भी बनाए हैं। पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क में हाथीपांव के मरीज ही सदस्य होते हैं, जो नियमित रूप से आपस में बैठक कर दूसरे हाथीपांव मरीजों के साथ अपने प्रभावित अंगों की देखभाल संबंधी आवश्यक जानकारी साझा करते हैं। पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के माध्यम से सदर प्रखंड अंतर्गत चांकद प्रा?थमिक स्वास्थ्य केंद्र के कई गांवों में हाथीपावं के मरीजों को खोजने में भी काफी मदद मिल रही है। इस क्रम में मंगलवार को मदनबीघा गांव में हाथीपांव मरीजों द्वारा बैठक की गयी।



**हाथीपांव अटैक पर दी गयी जानकारी :** हाथीपांव मरीजों ने बैठक के दौरान बीमारी की चर्चा करते हुए प्रभावित अंगों की देखभाल पर बातचीत की। हाथीपांव से प्रभावित मरीज तथा मदन पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्य गोविंद साव ने अपने दूसरे साथियों को बताया कि हाथीपांव के मरीजों को कई बार पैरों में तेज दर्द और सूजन के साथ बुखार आता है।

इससे बचाव के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा करते हुए कहा कि धूप से आने के बाद ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए। दही और केला का उपयोग न करें। साथ ही धूप से आने के बाद कुछ देर ठहर कर पानी पीना चाहिए। इसके अलावा हाथीपांव की साफ-सफाई नियमित रूप से की जानी चाहिए। प्रभावित अंग में जख्म नहीं हो इसका ध्यान रखना है। यदि कट-छट जाये तो बीटाडीन का प्रयोग करना है। प्रभावित अंग को हमेशा ठंडे पानी से धोना है। बैठक के दौरान पैरों के नियमित एक्सरसाइज पर चर्चा की गयी। ग्रुप के सदस्य हरि कुमार ने सदस्यों से एमएमडीपी किट के इस्तेमाल पर जानकारी दी। बताया कि एमएमडीपी किट में प्रभावित अंगों की देखभाल को लेकर आवश्यक दवाईयां व दूसरे सामान जैसे साबुन, तौलिया आदि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुहैया कराया जाता है। यदि किसी को किट की आवश्यकता है तो वह जिला स्थित फाइलेरिया विभाग से संपर्क कर सकता है। इस दौरान जानकारी दी गयी कि अब तक क्षेत्र से तीस हाथीपांव प्रभावित लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जोड़ा गया है। स्वास्थ्य केंद्र द्वारा बारह दिनों की दवा दी जाती है. साथ ही एमएमडीपी किट मुहैया कराया जाता है।

# सर्वकल्याणकारी फाउंडेशन ने कराई छात्रों की स्वास्थ जांच, पाठ्य सामग्री वितरित

❒ बलिहार के स्व. रामाशंकर सिंह स्मृति नि:शुल्क शिक्षा केन्द्र में आयोजित हुआ कैंप

**केटी न्यूज/सिमरी**



जिले के बलिहार गांव स्थित स्व. रामाशंकर सिंह स्मृति निःशुल्क शिक्षा केंद्र में पढ़ रहे सैकड़ों गरीब जरूरतमंद बच्चों के बीच सर्वकल्याणकारी फाउंडेशन के द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप लगाकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान सभी बच्चों को जांचोपरांत जरूरी दवाओं के अलावे ब्रश, मंजन, जीभी, ओआरएस, हॉर्लिक्स, बिस्किट, साबुन इत्यादि देकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों का भी स्वास्थ्य जांच किया गया। वही बच्चों को पाठ्द्ध सामग्री के तौर पर कॉपी, पेन, पेंसिल, ड्राइंग बुक, पानी बोतल, गर्मी से राहत के लिए पंखा तथा शर्बत का वितरण किया गया। इस मौके पर अन्नपूर्णा के तहत सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों को आम, केला, मलाई, कचौड़ी व सब्जी सहित पौष्टिक भोजन कराया गया। इस आयोजन से बच्चों के बीच काफी उत्साह का माहौल बना रहा। वही मुख्य अतिथि रेलयात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने सर्वकल्याणकारी संस्था के संयोजक योगेश अग्रवाल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में पढ़ाई के प्रति आकर्षण पैदा हो, इसके लिए सर्वकल्याणकारी संस्था पश्चिम बंगाल के अलावे बिहार के बक्सर में भी इस तरह का कार्यक्रम चला रही है जो कि काबिले तारीफ है। वही विशिष्ट अतिथि दीपक यादव तथा गोल्डेन कुमार ने कहा कि हम सभी को चाहिए कि गरीब और जरूरतमंद बच्चों की मदद करें, ताकि वह अपने बेहतर भविष्य का निर्माण कर सके। वही संस्था के संयोजक योगेश अग्रवाल ने कहा कि संसाधन के अभाव में कोई भी बच्चा अपनी पढ़ाई को बीच में ना छोड़े इसके लिए वे सदैव बच्चों के साथ मजबूती से खड़े होकर हर संभव मदद करेंगे। वही पठन सामग्री एवं फल-मिठाई पाकर बच्चें काफी खुश नजर आ रहे थे। सभी बच्चों ने एक एक कर के अतिथियों को अपना परिचय देते हुए कविता एवं देशभक्ति गीत सुनाई। वही कार्यक्रम में सुरेंद्र शर्मा, राकेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, श्यामबिहारी सिंह, शिक्षक वशिष्ठ सिंह, कौशल सिंह, भरत सिंह, सोना सिंह, लाल कृष्ण सिंह सहित कई प्रबुद्धजन मौके पर मौजूद रहे।

## जरूरतमंद बच्चों के पढ़ाई व दवाई में मदद करती है संस्था

जानकारी के अनुसार सर्वकल्याणकारी संस्था द्वारा पश्चिम बंगाल सहित बिहार के कई जिलों में जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई व दवाई में मदद पहुंचाया जाता है। संस्था द्वारा उन्हें समय समय पर पाठ्य सामग्री, खेल उपकरण, स्वास्थ जांच व दवाई मुहैया कराए जाने के साथ ही उनकी पढ़ाई में काम आने वाले संसाधनों की आपूर्ति भी करती है। संस्था के इस प्रयास से दर्जनों स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों तक किताब तथा अन्य संसाधन भी पहुंचे है। इसी कड़ी में सस्था द्वारा बलिहार में भी कैंप आयोजित किया गया था। जिसके सैकड़ो छात्र तथा उनके अभिभावक लाभन्वित हुए।

### भीषण गर्मी में जलापूर्ति योजना के फेल होने से परेशान है लोग

# केसठ और चौगाई में गहराया पेयजल संकट, बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं लोग, प्रशासन मौन





केसठ में शोभा की वस्तु बनी पानी टंकी, चौगाई में जलापूर्ति योजना के पाइप से पानी निकालने का प्रयास करता व्यक्ति

**केटी न्यूज/चौगाई/केसठ**

डुमरांव अनुमंडल के दक्षिणी छोर पर स्थित केसठ व चौगाईं प्रखंडों में भीषण गर्मी के इस मौसम में चापाकलों के खराब होने तथा जलापूर्ति योजना के ठप होने से पेयजल की समस्या गंभीर हो गई है। दोनों प्रखंडों में लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी वैसे परिवारों को हो रही है जिनकी निर्भरता सरकारी नलके या जलापूर्ति योजना पर है। इसके अलावे राहगीरों को भी अपने सूखते गले को तर करने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। बता दें कि दोनों प्रखंडों में सभी सरकारी नलके खराब हो गए है, वही हर घर नल योजना की सतही स्थिति भी काफी दोयम दर्जे की है। जिस कारण पेयजल की समस्या काफी गंभीर हो गई है। इसके अलावे ताल तलैयों के सूखने से जंगली जानवरों को भी प्यास बुझाने के लिए आबादी वाले इलाके में आना पड़ रहा है। इस संबंध में पूर्व डीएम अमन समीर का निर्देश भी दोनों प्रखंडो में बेअसर साबित हो रहा है। जिस कारण लोगों में आक्रोश गहराने लगा है।

## चौगाईं में भी गंभीर हुई पेयजल समस्या

**केटी न्यूज/चौगाई**

भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को पेयजल की समस्या को लेकर काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। ये समस्या कोरानसराय बगेन पथ पर पांडेयपुर से फफदर मोड़ तक राहगीरों को हो रही है। चौगाईं बाजार करने आ रहे लोगों को इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात के लिए पीएचडी विभाग से गुहार लगाई है। नचाप के रहने वाले अभय सिंह ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के मुख्य रास्तों पर पेयजल आपूर्ति के लिए चापाकल नहीं लगाया गया है। भीषण लू चलने से लोगो को प्यास से मुंह सूखने लगता है। तब किसी दुकान के अंदर जा कर अपना प्यास बुझाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि चापाकल का लेयर नीचले स्तर तक जाने से घरों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जबकि सरकारी स्तर पर सिर्फ आश्वासनों के घूंट के सहारे लोगों की प्यास बुझाई जा रही है।

## मुखिया ने बीडीओ से की पेयजल संकट दूर करने की अपील

केसठ प्रखंड में पेयजल की समस्या गंभीर हो गई है। लोग पानी के लिए जगह जगह भटक रहे है और आधिकारी मौन बैठे है। क्षेत्र के सभी जलाशय, नलके आदि सूख गए है। यहां तक कि सरकारी हैंडपंप भी जवाब देने लगे है। वही पीएचईडी विभाग द्वारा चलाई जा रही नल जल योजना पूर्णत: फेल है। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए लगाकर जल मीनार बनाने से क्या फायदा जब किसी को पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। केसठ मुखिया सह पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने शनिवार को इस गंभीर मसले के प्रति बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा के साथ बैठक कर चर्चा की तथा अविलंब जलापूर्ति योजना दुरूस्त करने को कहा। मुखिया ने बताया कि पीएचईडी जेई सुग्रीव कुमार द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा, लेकिन अभी तक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अधिक संख्या में लोगों की शिकायत आ रही है। मुखिया ने कहा कि यदि 24 घंटे के अंदर जलापूर्ति व्यवस्था को दुरूस्त नहीं किया गया तो पीएचईडी के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

# पीएम आवास योजना की राशि लेकर घर नहीं बनाने वालों पर होगी कार्रवाई, नीलाम पत्र दायर

◆ तीनों किस्त की राशि लेने के बाद भी 14 लाभुकों ने नहीं बनवाया है घर

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के माध्यम से राशि निकालकर घर नहीं बनाने वाले लाभुकों से प्रशासन ने पैसा वसूल करने के लिए नीलाम पत्र दायर करने जा रही। केसठ में लाभुकों ने प्रथम किस्त, द्वितीय किस्त और तृतीय किस्त की राशि की निकासी कर ली और एक ईंट भी नहीं जोड़ पाए। बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा के अनुसार इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2021-22 तक कुल 861 आवास बनाने की स्वीकृति मिली थी। लाभुकों के खाते में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किशत की राशि भी चली गई। परंतु खाते में राशि पहुंचने के बाद भी 847 लाभुक ही आवास पूर्ण कर पाए हैं। जबकि 14 लाभुक राशि लेकर भी आवास पूर्ण नहीं किए हैं। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक केसठ में ऐसे मामले हैं, जहां राशि लेकर लाभुक आवास पूर्ण नहीं किए हैं। बैंक खाता में प्रथम व द्वितीय किस्त की राशि जाने के बाद भी आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों के विरूद्ध अब प्रशासन की ओर से नीलाम पत्र दायर करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# ससुराल में प्रेमी के साथ आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ाई नवविवाहिता, अब तालाक की नौबत आई

◆ अभी दस दिन पहले ही हुई थी शादी, प्रेमी की धुनाई कर परिजनों ने पुलिस को सौंपा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कहते है जब प्रेम परवान चढ़ता है तो न तो अच्छे और बूरे का ज्ञान रह जाता है और न ही अंजाम की परवाह। अनुमंडल क्षेत्र में एक ऐसा ही मामला सामने आया है जब अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव का प्रेमी ससुराल तक आ गया। लेकिन रात में आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ा भी गया। जिसके बाद न सिर्फ सारा भेद खुल गया बल्कि विवाहिता के परिजनों ने उसकी जमकर धुनाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इधर अब नवविवाहिता की शादी टूटने के कगार पर आ गई है, जबकि उसकी शादी महज दस दिन पहले ही हुई थी।

मिली जानकारी के अनुसार राजपुर थाना क्षेत्र के डिहरी गांव की एक लड़की की शादी दस दिन पहले नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। लेकिन उक्त युवती का गांव के ही राहुल सिंह पिता विजय नारायण सिंह के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार को उसने अपने प्रेमी को मिलने के लिए ससुराल बुलाया था। रात में जब परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सोने चले गए तो वह प्रेमी को अपने कमरे में ले गई। इसी दौरान परिवार के किसी सदस्य की नींद खुल गई तथा आपत्तिजनक अवस्था में दोनों पकड़े गए। इसके बाद परिजनों द्वारा उसकी पिटाई करने के साथ ही नया भोजपुर ओपी पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने उसकी बाइक व मोबाइल भी जब्त कर लिया।

इधर विवाहिता ने पुलिस के सामने स्वीकार किया है कि वह उससे प्रेम करती है तथा मिलने के लिए बुलाया था। इस संबंध में नवविवाहिता के पति ने नया भोजपुर ओपी थाने में उसके प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। वहीं इसकी जानकारी उसके मायके वालों को भी दी गई है। जानकारों का कहना है कि अब विवाहिता के ससुराल वाले उसे रखने को तैयार नहीं है तथा मामला तलाक तक पहुंच गया है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों के बीच पहले से प्रेम संबंध चल रहा था। उन्होंने कहा कि विवाहिता के पति की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### बक्सर में प्रधानमंत्री मोदी के लाइफ मंत्र के प्रति जागरूकता के लिए जीवनशैली मैराथन का हुआ आयोजन

# पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली की आदत डालें: अश्विनी चौबे

◆ 5, 7 एवं 12 किलोमीटर की मैराथन में प्रतिभागियों ने लिया भाग

**केटी न्यूज/बक्सर**



शनिवार को बक्सर में जीवन शैली मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ था। जिसका उदघाटन केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली के प्रति जो मिशन लाइफ का वैश्विक मंत्र दिया है उसे अपने दैनिक कार्यों में हम सभी को उतारने की जरूरत है। छोटी-छोटी आदतों में परिवर्तन करके पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन हम सभी कर सकते हैं। जीवन शैली मैराथन दौड़ लोगों में जागरूकता लाएगी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी संवेदनशील होंगे। बक्सर पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। यहां की जनता पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक है और शनिवार को आयोजित कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक संवेदनशील बनाएगा। केंद्रीय मंत्री बक्सर के किला मैदान में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित जीवनशैली मैराथन में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। ज्ञात हो कि 8 जून को केंद्रीय मंत्री श्री चौबे के प्रयास से गोकुल जलाशय ब्रह्मपुर से आर्दभूमि संरक्षण अभियान की शुरूआत हुई थी। इसका समापन एक दौड़ पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली व जीवन शैली प्रदर्शनी से हुआ। केंद्रीय मंत्री ने बच्चों से आह्वान किया कि मिशन लाइफ को घर-घर ले जाएं।

इसमें स्कूली बच्चों का विशेष योगदान होगा। हमें पर्यावरण के अनुकूल आचरण करना है। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री श्री चौबे नगर भवन पहुंचे। उन्होंने वहां जीवनशैली प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पांच विभिन्न राज्यों से वन एवं पर्यावरण पर कार्य कर रही संस्थाओं ने इसमें शिरकत की। इसमें प्रकृति प्रदत्त वस्तुओं से तैयार दैनिक कार्यों में उपयोग आने वाली सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई थीं। इसका उद्देश्य प्राकृतिक प्रदत्त वस्तुओं को जनता के उपयोग में लाने को प्रेरित करना था। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने कहा कि गोकुल जलाशय आने वाले समय मे पर्यटन का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुजीत कुमार बाजपेयी, भोजपुर डिवीजन के डीएफओ राजकुमार आदमी के डिप्टी डायरेक्टर विवेक तेजस्वी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### लालगंज कड़ी मुहल्ले में अगलगी में दो झोपड़ी समेत 9 मवेशी झुलसे, फायर वाहन ने बुझाई आग



**डुमरांव।** नगर के वार्ड 18 स्थित लालगंज कड़वी मुहल्ले में शनिवार की शाम अचानक हुई अगलगी में झोपड़ीनुमा दो मकान जलकर राख हो गए। इस घटना में दोनों गृहस्वामियों के कुल नौ मवेशी भी झुलसे है। इसकी जानकारी मिलते ही फायर वाहन मौके पर पहुंच आग पर काबू पा इसे विकराल होने से बचा लिया। जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब साढ़े चार बजे कड़वी के संतोष राय पिता रामअवतार राय व नथुनी राय पिता बालेश्वर राय के घर आग लग गई। लोग जबतक माजरा समझते तबतक दोनों घरों से आग की लपटे उठने लगी थी। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पा एक बड़ी घटना होने से बचा लिया। फिलहाल अगलगी के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस घटना में संतोष राय की 5 बकरियां व एक भैंस जबकि नथुनी राय की 3 बकरियां झुलसने के साथ ही लाखों की संपति जल गई है। घटना के बाद पीड़ितों में मायूशी छाई हुई है। समाचार लिखे जाने तक इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी।

### चालक को चाय में नशीला पदार्थ पिला स्वीफ्ट डिजायर कार ले उड़े उचक्के



**केटी न्यूज/डुमरांव।** उचक्कों ने पटना के एक कार चालक को चाय में नशीला पदार्थ पिला उसकी कार ले उड़े है। मामला 13 जून की मध्य रात्रि की है। उसे बेहोशी की हालत में उचक्के नया भोजपुर हिरो एजेंसी के पास उतार दिये थे। होश आने पर वह एक ट्रक चालक की मदद से पटना गया तथा इलाज करा लौटने के बाद नया भोजपुर ओपी में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित पटना निवासी चिरंजीव कुमार झा पिता ताराकांत झा ने पुलिस ने को दिए आवेदन में बताया है कि वह महिन्द्रा कंपनी से लोन पर एक स्वीफ्ट डिजायर कार लिया था, जिसे वह खुद भाड़े पर चलता था। कार का नंबर बीआर 01पी 8763 है।

पीड़ित चालक ने बताया है कि 13 जून को वह हाजीपुर स्टेशन से तीन यात्रियों को लेकर बनारस के लिए चला था। मध्य रात्रि आरा के बाद किसी बाबा ढाबा लाईन होटल पर भूख लगने पर तीनों यात्रियों के साथ पहले चाय पिया फिर खाना खाकर चाय पिया। यहा से हमलोग फिर बनारस के लिए चले तो थोड़ी दूर बाद ही मुझे चक्कर आने लगा। इस दौरान दो यात्रियों ने मिलकर मुझे पीछे की सीट पर बैठा दिया तथा एक यात्री खुद कार चलाने लगा। जब मैं पूरी तरह से बेहोश हो गया तो मुझे नया भोजपुर के पास स्थित हिरो एजेंसी के पास कार से उतार वे लोग मेरी कार लेकर भाग गए। सुबह में जब मुझे होश आया तब पता चला कि मुझे चाय में नशीला पदार्थ पिला वे लोग मेरी कार चुरा लिये है। इसके बाद मैं एक ट्रक चालक के सहयोग से पटना पहुंच अपना इलाज कराया। इलाज कराने के बाद नया भोजपुर ओपी पहुंच पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच में जुट गई है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### हादसे में जख्मी युवक को भेजा गया ट्रामा सेन्टर

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परमडीह केसठ नहर मार्ग स्थित परमानपुर के पास शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक अरविंद कुमार बताया जाता है। पर उसका घर का पता नहीं मिल सकी है। जानकारी के अनुसार राहगीरों ने नावानगर पुलिस को दूरभाष पर सुचना दिया की नहर मार्ग पर परमानपुर के पास एक युवक जख्मी हालत में गिरा हुआ है। सूचना पर नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने घटनास्थल पर पहुंच जख्मी को सीएचसी नावानगर पहुंचाया। जहा चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेन्टर बनारस रेफर कर दिया।

### दुर्घटना में एएसआई जख्मी, पत्नी को भी लगी चोट

**नावानगर।** वासुदेवा ओपी क्षेत्र के आथर गांव के पास एक निजी बस व कार की टक्कर में कार सवार दंपति जख्मी हो गए। जिनको इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने सीएचसी नावानगर में ले गए। बताया जाता है कि कार सवार बक्सर औद्योगिक थाना के एएसआई कृष्ण सिंह अपने पत्नी ममता सिंह के साथ मलियाबाग की तरफ जा रहे थे। तभी आथर के पास विपरित दिशा से तेज गति में आ रही निजी बस से टक्कर हो गई। जिससे कार सवार दंपति जख्मी हो गए।

## खबरें फटाफट

### लू-प्रकोप के अंतर्गत जनपद में येलो अलर्ट जारी

**केटी न्यूज/बलिया।** देवेन्द्र प्रताप सिंह अपर जिलाधिकारी (वि/रा) ने बताया है कि कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जनपद बलिया में 18 जून तक लू चलने की सम्भावना के दृष्टिगत यलो अलर्ट जारी किया गया है। वर्तमान में गर्म हवाएं तीव्रता से चली रही है तथा लू एवं गर्म हवाएं के दृष्टिगत अतिसंवदनशील समूहो जैसे बच्चों, वृद्धों, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगों एवं श्रमिको को विशेष रूप से लू से बचाव सम्बन्धी उपायो अथवा लू की स्थिति में क्या करें व क्या न करें के सम्बन्ध में और जागरूक की अपेक्षा की गयी है। जनपद में स्थित प्राइमरी स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला चिकित्सालयों में ओआरएस घोल, आवश्यक दवाएं, रोगियों के समुचित उपचार एवं कूल रूम की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। अतएव जनपद लू एवं गर्म हवाएं के दृष्टिगत अतिसंवदनशील समूहो जैसे बच्चों, वृद्धों, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगों एवं श्रमिको को विशेष रूप से लू से बचाव सम्बन्धी उपायों अथवा लू की स्थिति में क्या करें व क्या न करें के सम्बन्ध में और जागरूक तथा लू-प्रकोप से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के साथ-साथ जनपद में विद्यमान समस्त चिकित्सा केन्द्रों में लू से पीड़ितों के उपचार की समस्त आवश्यक व्यवस्था करने को कहा गया है।

### नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित कर अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई का हुक्म

**गाजीपुर।** शासन के सख्त निर्देश के बावजूद सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देखा जाए तो अतिक्रमणकारियों को शासन के मंसूबे अभी तक समझ में नहीं आ रहे हैं या अधिकारी उन्हें समझाने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। इसी को लेकर मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के जसदेवपुर गांव के ग्रामीणों ने शनिवार को उप जिलाधिकारी भारत भार्गव को प्रार्थना पत्र देकर गांव के चकरोड पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लिए जाने का प्रार्थना पत्र दिया गया।

### रेंज क्षेत्र में निकले वन विभाग के रेंजर की मौत

**बलिया।** वन विभाग बैरिया रेंज के रेंजर रामसुख यादव (57) की मौत शुक्रवार की देर शाम हो गयी है। उनकी तबीयत रेंज क्षेत्र में अचानक खराब होने पर सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र सोनबरसा में भर्ती कराया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि 21 जून को जय प्रकाश नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को देखते हुए डीएफओ बलिया क्षेत्र में कुछ पौधरोपण कराने के लिए रेंजर रामसुख यादव को लेकर शुक्रवार को जयप्रकाश नगर गए हुए थे।

# समाधान दिवस पर बैरिया तहसील में डीएम-एसपी ने सुनी जनता की शिकायत

- जनता की 25 शिकायतों में सिर्फ पांच का हुआ मौके पर निस्तारण
- डीएम ने अन्य शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

**केटी न्यूज/बलिया**





जिलाधिकारी रवींद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने शनिवार को बैरिया तहसील में जनता की समस्याओं को सुना। कई शिकायतों के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल फोन कर समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान आयी कुल 25 शिकायतों में पांच का मौके पर निस्तारण कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण सरकार की प्राथमिकताओं में एक है। इसलिए जिन विभाग से संबंधित समस्याएं आती हैं, उनका अविलंब निस्तारण किया जाए। शिकायतों को टालमटोल कर अनावश्यक लंबित रखने पर जवाबदेही तय होगी और बड़ी कार्रवाई भी हो सकती है। भूमि विवाद, अतिक्रमण जैसे मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की टीम को तत्परता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तहसील परिसर में खराब आरओ प्लांट के संबंध में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने उन्हें अवगत कराया कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी नगर पंचायत ईओ द्वारा फर्जी रूप से सिर्फ कागजों में यहां की समस्या को निस्तारित कर दिया जा रहा है। अभी भी प्लांट खराब हालत में है। इस पर जिलाधिकारी ने ईओ को तत्काल फोन लगाकर निर्देश दिया कि दो दिन के अंदर आरओ प्लांट सही हो जाना चाहिए।

### समाधान दिवस पर मंडलायुक्त व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने 113 पीड़ितों की सुनी शिकायत

**केटी न्यूज/मऊ(** जनपद की सभी तहसीलों में आज महीने के तीसरे शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। मंडलायुक्त मनीष चैहान, पुलिस उपमहानिरीक्षक अखिलेश कुमार एवं जिलाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में तहसील मोहम्मदाबाद गोहना में जनसुनवाई की गई। तहसील मोहम्मदाबाद गोहना में आयोजित तहसील दिवस पर कुल 113 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें सर्वाधिक 52 मामले राजस्व, 13 पुलिस विभाग एवं 8 मामले विकास खंड स्तर के थे। शेष शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित थी। आज आई शिकायतों में से 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

### डीएम ने दिव्यांग शिकायतकर्ता को पहले कुर्सी दी, फिर सुनी समस्या

**बलिया।** बैरिया तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में बीबी टोला निवासी दिव्यांग वीरेंद्र प्रसाद मौर्य अपनी जमीन सम्बन्धी समस्या लेकर जिलाधिकारी रवींद्र कुमार के सामने पहुंचे। जिलाधिकारी ने उन्हें खड़ा देख तत्काल कुर्सी मंगवाई और सबसे पहले अपने सामने आराम से बैठाया। फिर उनकी समस्या सुनी। एसडीएम को विशेष तौर पर निर्देश दिया कि मामले का निस्तारण पूरी गंभीरता से किया जाए।

# 21 जून को बलिया पहुंच सकते हैं मुख्यमंत्री योगी







कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे एसपी व अधिकारी, सभा स्थल को दिखाते अधिकारी, स्कूल परिसर को जांच करते एसपी

- जेपी नगर में सीएम के सम्भावित कार्यक्रम स्थलों का डीएम ने लिया जायजा
- पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को दिए सुरक्षा संबंधी सख्त निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 जून को बलिया के जेपी नगर पहुंच सकते हैं। इसे ले जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने शनिवार को प्रभावती देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। वहां मौजूद चिकित्सा संसाधनों के बारे में पूरी जानकारी ली। साथ ही प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि जो भी तैयारी करनी है, एक-दो दिन के अंदर पूरी कर लें। अभी तक हुए कार्य की प्रगति से असंतुष्ट जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिया कि यहीं पर स्वयं मौजूद रहकर तैयारी सम्बन्धी कार्य युद्धस्तर पर कराएं। प्रतिदिन सुबह और शाम को रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पूजा स्थल व अन्य कार्यक्रमों के लिए स्थल का चयन कर जरूरी व्यवस्था कराने के निर्देश जिला विकास अधिकारी राजितराम मिश्र को दिए। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए गांव में चल रहे सफाई कार्य का भी निरीक्षण जिलाधिकारी ने किया। जिला पंचायत राज अधिकारी यतेंद्र सिंह से जरूरी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### रुट व्यवस्था को लेकर किया भ्रमण

बलिया। मुख्यमंत्री के जयप्रकाश नगर में आयोजित होने वाले संभावित कार्यक्रम स्थलों पर जिलाधिकारी खुद गए। साथ ही पुलिस अधीक्षक के साथ मिलकर रूट व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। आवश्यकतानुसार विभिन्न स्थलों पर बैरिकेडिंग आदि को लेकर क्षेत्रीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश के घर गए डीएम

बलिया। संभावना है कि मुख्यमंत्री राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश घर पर भी जाएंगे। लिहाजा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने उनके घर जाकर सुरक्षा व अन्य व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने वहां की जा रही व्यवस्था के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। वहीं एसपी ने सुरक्षा को लेकर कहां-कहां जवानों की तैनाती होगी, इसके संबंध में निर्देश दिए।

## तालाब व खेल मैदानों को भू-माफियाओं के अतिक्रमण से मुक्त कराएं : डीएम



पदाधिकारियों के साथ बैठक करती डीएम आर्यका अखौरी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं मासिक स्टाफ बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। इसमें जिलाधिकारी ने परिवहन, वन विभाग, स्टाम्प, नगर पालिका, आडिट, आपत्ति, चकबंदी, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, अंश निर्धारण, मोटर देय, आईजीआरएस के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, आबकारी, परिवहन की मासिक लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वसूली में प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी तालाब, खेल मैदान, चारागाह, एवं ग्रामसभा की भूमि को प्राथमिकता के तौर पर चिन्हित करते हुए उस पर भू-माफियाओं के द्वारा किए गए अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। जनपद में किसी प्रकार की अवैध खनन न होने पाए इस पर निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं, उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह पूर्ण कर अंतिम रूप प्रदान किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी राजस्व वसूली का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करते हुए डिमांड के अनुसार वसूली सुनिश्चित करें।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, दोनों सगे भाई

**केटी न्यूज/मऊ**



प्रेसवार्ता करते पुलिस पदाधिकारी

मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से तीन नाजायज असलहा और तीन दर्जन जिंदा कारतूस व लगभग 4 किलो गांजा बरामद किया गया है। पूछताछ में दोनों बदमाशों ने क्षेत्र की कई घटनाओं में शामिल होना स्वीकार किया है। पुलिस ने दोनों बदमाशों को जेल भेज दिया। शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुहम्मदाबाद गोहना सर्किल के सीओ डॉक्टर अजय विक्रम सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस शुक्रवार की शाम करहा क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी कि इसी दौरान मुखबिर ने दो बदमाशों के आने की सूचना दी। कोतवाल संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के निकट सैदपुर अंडर ब्रिज के पास घात लगाया तो शाम लगभग 7.15 बजे भुजही की तरफ से दो बाइक से कुछ लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बदमाशों ने फायर कर दिया। हालांकि पुलिस ने अपना बचाव करते हुए दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम मनोज चौहान और दूसरे ने अजय चौहान बताया। दोनों बदमाश सगे भाई हैं। इनके पिता का नाम शेषनाथ चौहान है, जो कोतवाली क्षेत्र के खतिबहा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस की तलाशी में बदमाशों के पास से एक अदद 315 बोर का दो अवैध तमंचा और 315 बोर का 32 जिंदा कारतूस, एक 9 एमएम की पिस्टल के साथ 16 कारतूस बरामद किया गया। इसके साथ ही दोनों बदमाशों के पास से दो झोले में रखा लगभग चार किलो गांजा भी बरामद हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश मनोज चौहान ने दो दिन पूर्व बिजली कर्मी कोमल राम पर डराने की नीयत से हवाई फायर किया था। उसकी तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। दोनों बदमाशों ने क्षेत्र में विभिन्न घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल संजय त्रिपाठी के अलावा उप निरीक्षक आदर्श श्रीवास्तव, कांस्टेबल संदीप यादव, दुर्गा यादव, अखिलेश सिंह, विकास यादव, कल्पनाथ यादव आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या की आशंका

**केटी न्यूज/गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव निवासी निशा यादव (37) की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मची रही। इसी बीच ग्रामीणों ने घटना की सूचना मायके वालों को दी। मौत की सूचना मिलने के बाद वहां कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भतीजे ने हत्या की आशंका जताते हुए इस प्रकरण में पति के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।
मुहम्मदाबाद तहसील के सेमरा निवासी एवं मृतका के भतीजे सुधीर यादव ने बताया कि उसकी बुआ की शादी वर्ष 2005 में रामनिवासी यादव के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति आए दिन प्रताड़ित करता रहता था। कुछ दिनों पहले उसकी बुआ की तबीयत खराब हो गई, मगर उसका पति इलाज कराने से कतरा रहा था। उसने बताया कि सूचना पर मैंने बुआ को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने के बाद भी पति या ससुराल पक्ष का कोई भी व्यक्ति अस्पताल नहीं पहुंचा। इसी बीच बीती रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भतीजे ने बताया कि उसकी मृत बुआ को एक पुत्र व एक पुत्री है। वह अपने पांच बहनों व दो भाइयों में छठवें नंबर पर थी। मौत के बाद मायके वाले शव को लेकर थाने पहुंचे। इस संबंध में थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत कैसे व किन परिस्थितियों में हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### 5 हजार घूस लेते दारोगा का वीडियो वायरल, एसपी ने किया सस्पेंड

**केटी न्यूज/गाजीपुर।** शासन के स्तर से भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ निरंतर हो रही कड़ी कार्रवाई के बाद भी पुलिस कर्मी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला सुहवल थाने का है, जहां उप निरीक्षक के पद पर तैनात शिवराज सिंह यादव का सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें वह जमीन के मामले में एक पीड़ित से 5000 रुपये लेते हुए नजर आ रहे हैं। यह खाकी को शर्मसार करने वाला नजारा है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह वसूली का पूरा वीडियो थाना परिसर के ही एक कमरे में बनाया गया है। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन- फानन में पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से उप निरीक्षक को निलंबित कर इस पूरे मामले की विभागीय जांच शुरू करा दी है।
एसपी के द्वारा की गई कठोर कार्रवाई के बाद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। पीड़ित सुहवल थाना क्षेत्र के एक गाँव का रहने वाला है। उसने बताया कि वर्षों पहले उसने अपने चाचा की जमीन रजिस्ट्री करा ली थी। इसके बाद उनकी भतीजी जबरदस्ती उसकी खरीदी गई जमीन पर झोपड़ी बनाने लगी। पीड़ित ने बताया कि इसकी शिकायत जब उसने थाने पर की तो उसके शिकायत के निवारण के बजाए उल्टे उसी से पांच हजार रुपये उप निरीक्षक ने मांगते हुए कहा कि जब तक रुपये नहीं दोगे रिपोर्ट तुम्हारे पक्ष में नहीं लगाएंगे। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले एक मछली लदे ट्रक से अवैध वसूली के मामले में सुहवल के तत्कालीन थानाध्यक्ष समेत कई पुलिस कर्मी निलम्बित किए गए थे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस प्रकरण में उप निरीक्षक को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

### समाधान दिवस पर 591 शिकायतों में से 46 का मौके पर निस्तारण

**गाजीपुर।** जन समस्याओ के निस्तारण के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस कासिमाबाद तहसील में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें 80 शिकायत/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए और मौके पर मात्र तीन का ही निस्तारण हुआ। सभी तहसीलों को देखा जाय तो सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 591 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए। जिसमें मौके पर 46 शिकायत/प्रार्थना पत्रों का ही निस्तारण किया गया। तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 88 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें सात का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 90 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से नौ का निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 64 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके नौ का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 83 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें पांच का निस्तारण किया गया।

### तमसा नदी में मिले शव की हुई शिनाख्त

**मऊ।** मुहम्दाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर रहीमाबाद गांव के पास शुक्रवार की शाम को अज्ञात शव मिला था, जिसकी शिनाख्त पुलिस ने देर रात कर ली। पुलिस के अनुसार तमसा नदी में मिला शव संजीवन कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र वीरेंद्र कुमार निवासी बहादुरपुर थाना सराय लखंसी मऊ का था। पुलिस द्वारा मृतक के पॉकेट में मिले मोबाइल को ट्रेस कराया गया जिससे उसका पता लगा। पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दे दी है। परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव को अपने साथ ले गए। पुलिस को परिजनों ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम लगभग 5 बजे वह पैदल ही घर से निकला था और तभी से गायब रहा। वह अक्सर घर से अकेले ही निकल जाता था और कई दिन तक गायब रहता था। वह अभी अविवाहित था।

### 49 लाख की लागत से बने नलकूप का हुआ उद्घाटन

**केटी न्यूज/मऊ।** नगर पालिका के वार्ड नं0 30 स्थित खुदबकिया में लगभग 2 वर्षों से बोरिंग कर पड़े 20 एचपी के बड़ी क्षमता वाले नलकूप का उद्घाटन पालिका अध्यक्ष अरशद जमाल एवं एमएलसी विक्रान्त सिंह रीशू ने किया। 49 लाख की लागत से बने नलकूप के उद्घाटन के उपरान्त इस वार्ड के कई क्षेत्रों में पेय जल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इसमें खुदबकिया, चकिया, गोलवा, चमनपुरा आदि क्षेत्र शामिल हैं। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने बताया कि पिछले कई सालों से हम पानी की भारी किल्लत झेल रहे थे। इस नलकूप के उद्घाटन से पीने के पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी। विधान परिषद सदस्य विक्रांत सिंह रीशू ने इस अवसर पर कहा कि गर्मी का मौसम है।

## दवा प्रतिनिधियों ने बुलंद की आवाज, कहा-आम जन पर पड़ेगा इस बढ़ोत्तरी का सीधा असर

# दवाओं के दाम 12 फीसदी बढ़ाने के फैसले का विरोध शुरू

- 19 व 20 मई को जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से दवा कंपनी के प्रतिनिधि पीएम कार्यालय को भेजेंगे ज्ञापन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बैठक में उपस्थित दवा कंपनी के प्रतिनिधी

उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन के आवाह्न पर गाजीपुर इकाई ने अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर दवा प्रतिनिधियों की विशिष्ट आम सभा बड़ीबाग स्थित कार्यालय पर आहूत की। संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव आरएम राय ने बताया कि कोरोना महामारी की मार झेल चुकी जनता पर दवा कंपनियों द्वारा पहले 10.7 फीसदी की बढ़त के साथ महंगी जीवन रक्षक दवाओं का बोझ डाला गया और फिर तत्काल बाद 12.12 फीसदी की मनमानी वृद्धि करते हुए आमजन की कमर तोड़ने का प्रयास किया गया है। दवा प्रतिनिधियों के संगठन यूपीएमएसआरए और एफएमआरएआई द्वारा इसके विरोध में आगामी 19 और 20 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित करने और एक पत्रक के माध्यम से अपनी मांग और जनता से जुड़ी तमाम परेशानियों जिनमें दवाओं के बढ़ते दाम और उन पर जीएसटी की दरों को संशोधित करने, मेडिकल उपकरणों पर से जीएसटी हटाने, वार्षिक बजट में केंद्रीय स्वास्थ्य बजट को 2.4 फीसदी से बढ़ाकर कम से कम 5 फीसदी करने, जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि करने, स्वास्थ्य क्षेत्रों की स्थिति सुधारने संबंधी बातों का जिक्र है, के संबंध में आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया गया। सभा का उद्घाटन करते हुए इकाई अध्यक्ष चंदन कुमार राय ने दवा के बढ़ते दामों से हो रही दुश्वारियों का जिक्र किया। राज्य कार्यकारिणी सदस्य अफजल ने दवा प्रतिनिधियों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए बताया कि नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनइएलम) ने नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन्स (एनइएलम) में शामिल 800 से ज्यादा जीवन रक्षक दवाओं के दाम 12.12 फीसदी बढ़ाने का आदेश दिया है। इससे एन्टी बायोटिक व तमाम हृदय, डायबिटीज, कैंसर, एचआईवी व किडनी रोग की दवाओं के दाम में बेतहाशा बढ़ोत्तरी होगी। पिछले साल एनपीपीए ने एनइएलम में शामिल 800 से ज्यादा जीवन रक्षक दवाओं का दाम 10.7 फीसदी बढ़ाने का आदेश दिया था। ऐसे में हमारी मांग है कि दवाओं से जीएसटी शून्य की जाए व उनके दाम कम किए जाएं ताकि आम जनता को राहत मिल सके। बैठक में जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव ने 19 जून के कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाह्न किया। सभा में ज्योति भूषण, बी के श्रीवास्तव, हरिशंकर गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, ए के जैन, रईस आलम, दिग्विजय, विकास, शिवम, मोहित, विशाल, अमरनाथ श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, निकेत, अविनाश, हेमंत, रितेश , निजामुद्दीन, सर्वेश मिश्रा, अंकित वर्मा, आरपीएस यादव, एसके राय, एमपी राय, सौरभ राय, सूरज विश्वकर्मा, सुनील गुप्ता, रामाश्रय, अभिषेक तिवारी, रविकांत तिवारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता चंदन राय व संचालन मयंक श्रीवास्तव ने किया।